स्वास्थ विभाग ने अवैध अस्पतालों पर कसा शिकंजा, चार को नोटिस

छापेमारी में बिना पंजीकरण-नवीनीकरण के चलते मिले अस्पताल

लखनऊ। सीएमओ की टीम ने बुधवार को राजधानी के चार अस्पतालों में छापेमारी कर अग्निशमन व अन्य मानकों को परखा। टीम को सभी अस्पताल मानक के खिलाफ चलते मिले। जिस पर टीम ने इन अस्पतालों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में नोटिस का जवाब देने के लिए कहा गया। डालीगंज के इक्का स्टैंड स्थित लखनऊ हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर में डिप्टी सीएमओ डॉ. ए.पी सिंह ने छापेमारी की। तो पता चला कि यह अस्पताल बिना पंजीकरण नवीनीकरण के चल रहा है। इतना ही नही यहां फार्मेसी भी चल रही थी। जो पूजा प्रधान के नाम पंजीकृत थी। पूजा प्रधान अस्पताल में मौजूद नहीं मिलीं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई पूर्णकालिक डॉक्टर मौजूद नहीं था। आग से बचाव के पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। आईसीयू में भर्ती मरीज को फीजियोथेरेपिस्ट ऑक्सीजन लगाते मिली। जबकि अस्पताल में भर्ती मरीज फारूख शाह का इलाज डॉ. टी.एच फारूकी की सलाह पर किया जा रहा था। मरीज के इलाज का ब्योरा दस्तावेज में दर्ज नहीं मिला। इसके अलावा सीतापुर ब्रांच रोड स्थित हिरा हॉस्पिटल बिना पंजीकरण के चलता मिला। अवैध रूप से चल रहे अस्पताल को देख टीम के सदस्य हैरत में पड़ गये। अधिकारियों ने ओपीडी रजिस्टर देखा। जिसमें जुलाई से मरीज देखे जाने का रिकार्ड मिला। अस्पताल पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। वहीं चौक पाटानाला स्थित वी केयर हॉस्पिटल में कोई नियमित डॉक्टर नहीं मिला। फायर एक्जिट नहीं पाया गया। आग से बचाव के इंतजाम भी नहीं था। डॉ. एपी सिंह ने बताया कि निरीक्षण के समय बीयूएमएस डॉ वारिस मिले। इन्होंने मरीजों को प्रमाणपत्र दिये। पर उनके दस्तख्त नहीं थे। आईसीयू में दो मरीज भर्ती थे। इसकी देख रेख बीयूएमएस डॉ वारिस के जिम्मे थी। इसके अलावा चौक हॉस्पिटल में छापेमारी के दौरान ढेरों खामियां मिलीं। अस्पताल के पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं कराया गया था। कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था ध्वस्त मिली। अस्पताल में फायर एक्जिट नहीं मिला।

कोई हादसा होने पर टूटती है स्वास्थ्य विभाग की तन्द्रा

लखनऊ। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते ही राजधानी में तमाम अवैध अस्पतालों का संचालन हो रहा है। जब कोई हादसा या बड़ी घटना होती है, तभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की तन्द्रा टूटती है, और वह आनन-फानन कुछ अस्पतालों का निरीक्षण कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं। विभागीय सूत्रों को कहना है कि शहरी व ग्रामीण इलाकों में कई ऐसे अस्पताल चल रहे हैं। जिन्हें विभागीय अधिकारियों को संरक्षण प्राप्त है। जिसके कारण इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नही होती है। सूत्रों का कहना है विगत कई वर्षों से सीएमओ कार्यालय में जमे एक अधिकारी का इतना अधिक वर्चस्व कायम है। उसकी मर्जी के बिना किसी भी अवैध अस्पताल के खिलाफ कोई कार्रवाई नही कर सकता।

नगर निगम सीमा के 212 गांव की जमीनों का होगा सर्वे

लखनऊ। नगर निगम अपनी सभी जमीनों का रिमोट सेंसिंग से जीआईएस सर्वे कराने जा रहा है। निगम सीमा में शामिल नए 88 गांव के साथ-साथ पुराने 124 गांव का भी सर्वे कराने का निर्देश हुआ है। सर्वे से पता चलेगा कि नगर निगम की जमीनों पर कहां-कहां अतिक्रमण और अवैध कब्जे हैं। इन कब्जों को हटाने में मदद मिलेगी। इसी के साथ लीज तथा रेंट की जमीनों का भी सर्वे शुरू करा दिया गया है। नगर निगम की सीमा में शामिल 88 गांव में काफी जमीन हैं। लेकिन इन जमीनों पर भू माफिया, प्रॉपर्टी डीलरों तथा बिल्डरों की नजर लगी हुई है। तमाम जगहों पर भूमाफि या तथा प्रॉपर्टी डीलर इन जमीनों पर कब्जे कर रहे हैं। इसको देखते हुए नगर निगम ने अब ठोस काम कर रहा है। अपर नगर आयुक्त अभय पांडेय ने बताया कि नगर निगम 88 गांव में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर की मदद से जीआईएस सर्वे करा रहा है।

पुलिस चौकी के पास से पांच लाख की शराब की बोतलें कार में भर ले गये चोर

लखनऊ। पीजीआई इलाके में रायबरेली रोड स्थित कल्ली पश्चिम मोहल्ले में बीती देर कार सवार चोर पुलिस चौकी के पास स्थित एक दुकान का ताला तोडकर चार लाख रुपये की अंग्रेजी शराब चुरा ले गये। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। चंद कदम दूर स्थित पुलिस चौकी को इसकी भनक तक नहीं लग सकी है। बुधवार प्रात: दुकानदार व सेल्समैन के पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पीजीआई थानान्तर्गत कल्ली पश्चिम मोहल्ले में रायबरेली रोड पर अंग्रेजी शराब की दुकान है। इस दुकान का लाइसेंस सुरेश प्रताप सिंह के नाम है। सुरेश प्रताप सिंह, छोटा बरहा-आलमबाग के रहने वाले है। बताया जा रहा है कि इनकी दुकान रायबरेली जाने वाले मुख्य मार्ग पर कल्ली पश्चिम पुलिस चौकी से महज सौ मीटर दूर है। दुकान पर सन्तोष जायसवाल सेल्समैन है। संतोष जयसवाल ने बताया कि वह मंगलवार को करीब शाम नौ बजे दुकान बंद करके चला गया था। बुधवार सुबह सात बजे वियर शॉप की दुकान के मालिक ने दुकान का ताला टूटे होने की जानकारी दी। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि बदमाशों ने कार को दुकान के सामने खड़ी कर जायजा लिया और कटर से दुकान के ताले काट दिया। इसके बाद अंदर घुसे जहां काउंटर खोल कर नकदी निकालते दिखाई दे रहे हैं। वहीं शराब की पेटियां कार में भर रहे हैं, लेकिन पुलिस को घटना की भनक नहीं लगी। कार सवार बदमाश इतने बेखौफ थे कि वह सब अपने साथ ताला काटने की एक बड़ी सी कैंची लेकर आए थे। अपनी कार से उतरकर पहले उन्होंने कैमरे को दीवार की तरफ घुमा दिया और वहीं लगे एक जलते हुए बल्ब को तोड़ दिया। इसके बाद ताला काटकर अंदर घुस गए। लगभग 4 से 5 लाख की कीमती शराब को पेटियों में लाकर अपनी कार में लाद लिया और गल्ले में रखा लगभग एक लाख नकदी लेकर फरार हो गए। इसके बाद कार सवारों ने मोहनलालगंज स्थिति वेरी साल अंग्रेजी शराब की दुकान को भी निशाना बनाया। उन्होंने यहां से भी शराब और नकदी की चोरी की। पीजीआई इंस्पेक्टर ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर जांच पड़ताल कर चोरों की तलाश की जा रही है।

एक नजर

बुद्धेश्वर ओवरब्रिज पर मिला अज्ञात का शव

लखनऊ। पारा इलाके में स्थित बुद्धेश्वर ओवरब्रिज पर बुधवार को 35 वर्षीय एक पुरुष का शव पड़ा मिला। चौकी इंचार्ज मोहान रोड धीरेंद्र सिंह के अनुसार शव एक दिन पुराना है। सुबह राहगीरों ने सूचना दी। युवक के शरीर पर टी-शर्ट और पैंट है। कमर के दाहिने तरफरगड़ के निशान हैं। अंदेशा है कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। शिनाख्त कराने के लिए सोशल मीडिया की मदद ली जा रही है। शव को पोस्टमार्टम गृह में सुरक्षित रखा गया है।

विद्युत समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी-ए.के शर्मा

लखनऊ। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के शर्मा ने बुधवार को गोमतीनगर के विभूतिखण्ड स्थित 33/11 केवी उपकेन्द्र, गोमतीनगर विस्तार स्थित 33/11 केवी उपकेन्द्र व डिवीजन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं के समाधान में लापरवाही, शिथिलता व लेट-लतीफी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होने निरीक्षण के दौरान उपकेन्द्र के शिकायती रजिस्टर में दर्ज उपभोक्ताओं के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर समाधान के बारे में पूंछा। जिस पर उपभोक्ताओं ने संतोषजनक जवाब दिया। मंत्री ने उपभोक्ताओं से कहा कि अपने नजदीकी उपकेन्द्र में जाकर विद्युत समस्याओं का समाधान करायें और रोज-रोज की झंझट से मुक्ति पायें। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं को समाधान शिविर के बारे में सूचित करें। जिससे उपभोक्ता समय से इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ही विद्युत समाधान सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों का समय प्रात: 08 से सायं 08 बजे तक किया गया है। जिससे कि कोई भी उपभोक्ता इस बार अपनी समस्या के समाधान से वंचित न रह जाये।

आलमबाग व निशातगंज में आज गुल रहेगी बिजली

लखनऊ। लेसा के न्यू आलमबाग उपकेंद्र में गुरुवार को सुबह 10 से 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ बिमलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस दौरान नगर निगम द्वारा सीवर की सफाई कार्य कराया जायेगा। जिससे स्नेह नगर, बसंत टॉवर व प्रेम नगर सहित अन्य कई इलाके प्रभावित रहेंगे। इसके अलावा विश्वविद्यालय उपकेंद्र सुबह 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक बंद रहेगा। जिससे बादशाह नगर, निशातगंज, न्यू हैदराबाद, आरबीएल रोड, पुलिस लाइन, फैजाबाद रोड, बाबूगंज, मायानगर, छोटा चांदगंज, मढ़ई का पुरवा, चरही, निराला नगर, नई बस्ती, पशुपालन कॉलोनी, बाबा की बगिया, राम मार्केट व अम्बिका मार्केट सहित अन्य कई इलाके प्रभावित रहेंगे।

कोरोना संक्रमित, 38 नये मरीज मिले

लखनऊ। राजधानी में बुधवार को कोरोना संक्रमित 38 नये मरीज मिले हैं। जिसमें 13 पुरूष व 25 महिला रोगी शामिल हैं। जबकि 32 संक्रमितों ने वायरस को हरा दिया है। वर्तमान में जनपद में एक्टिव केसों की संख्या-158 है। आज सबसे अधिक छह संक्रमित माल इलाके में मिले हैं। इसके अलावा आलमबाग व चिनहट में पांच-पांच संक्रमित मिले हैं। अलीगंज में चार लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुयी है। सरोजनीनगर में तीन संक्रमित मिले हैं। इन्दिरानगर व रेडक्रास में दो-दो पॉजिटिव मिले हैं। ऐशबाग, गोसाईगंज, सिल्वर जुबली व टूडियागंज में एक-एक पॉजिटिव मिला है। वहीं कान्टैक्ट टेस्टिंग में तीन लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुयी है।

शाइन सिटी के निदेशक के खिलाफ दस और मुकदमें दर्ज

लखनऊ। शाइन सिटी के घोटालेबाज निदेशकों के खिलाफ मुकदमों की संख्या दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। इनमें फरार एक निदेशक राशिद नसीम के खिलाफ गोमतीनगर थाने में दस और मुकदमें दर्ज कराये गये है। यह मुकदमे करोडों के घपले की जांच कर रहे आर्थिक अपराध अनुसन्धान शाखा(ईओडब्ल्यू) के चार विवेचकों ने दर्ज कराये है। आरोप है कि न्यायालय द्वारा कई नोटिस जारी होने के बाद भी राशिद नसीम अब-तक पेश नहीं हुआ। रारिशद नसीम के खिलाफ अब तक सिर्फ और सिर्फ गोमतीनगर थाने में चार सौ से अधिक मुकदमें दर्ज हो चुके है।

साइबर ठगों ने पुलिस अफसर से हड़पे एक लाख रुपये

लखनऊ। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक नितिन द्विवेदी के फोरेक्स ट्रेवल कार्ड से ट्रांजेक्शन करते हुए ठगों ने 1500 यूरो निकाल लिए। मैसेज आने पर एएसपी को घटना का पता चला, जिसका मुकदमा महानगर कोतवाली में दर्ज कराया गया है। एएसपी नितिन द्विवेदी के पास फोरेक्स ट्रेवल कार्ड है। गत 13 सितंबर को उन्हें कार्ड का इस्तेमाल किए जाने का पता चला, जब रात 12 बजे से एक बजे के बीच तीन ट्रांजेक्शन मैसेज आए।

मण्डी में अनियमितताओं को लेकर सीएम से मिलेंगे राज्यमंत्री

लखनऊ। मण्डी परिषद में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर प्रदेश के उद्यान,कृषि विपणन, कृषि व्यापार और कृषि निर्यात विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, दिनेश प्रताप सिंह शीघ्र मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके पहले मण्डी परिषद में मण्डी शुल्क की चोरी सहित विभिन्न प्रकरणों पर मण्डी के अफसरों से संतोषजनक जवाब न मिलने पर सीएम को पत्र लिखा था जो मंगलवार को वायरल हो गया। राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में मैंगोपैक हाउस के निर्माण में अनियमितता का जिक्र भी किया। इसके बाद भी निर्माण करने वाले ठेकेदार भी निर्माण करने वाले ठेकेदार को लगभग 59 लाख का भुगतान कर दिया गया है। मंत्री से दूरभाष पर हुयी बातचीत में उन्होंने कहा कि किसानों के हितों के लिए सरकार कार्य कर रही है जो भी विभाग में कमिया प्रकाश में आयेगी। उन्हें दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मण्डियों में खराब सीसीटीवी कैमरों के मामले में उपनिदेशक से स्पष्टीकरण माँगा गया है। मण्डी परिषद की अनियमितताओं पर मण्डी निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि निर्माण कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है जो भी कार्य होते हैं उसके सापेक्ष भुगतान किया जाता है।

रेलवे की परीक्षा देते सॉल्वर गिरफ्तार

लखनऊ। रेलवे की आरआरसी लेवल वन की परीक्षा में बैठे सॉल्वर अजीत कुमार को बीकेटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से प्रवेश पत्र मिला है। जिसमें परीक्षार्थी की जगह अजीत ने अपनी फोटो लगाई थी। एएसपी ग्रामीण हृदयेश कुमार ने बताया कि रुदही स्थित सन टेस्टिंग सेंटर में टीसीएस की तरफ से परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहां आरआरसी लेवल वन की ऑनलाइन परीक्षा हो रही है। मंगलवार को सेंटर पर मथुरा महावन निवासी अजीत कुमार को पकड़ा गया। जिसके पास से मिले प्रवेश पत्र में कम्प्यूटर से एडिट कर बनाई गई फोटो लगी है। पूछताछ में अजीत ने बताया कि वह परीक्षार्थी रॉकी कुमार ने उसे सॉल्वर बना कर भेजा है। एएसपी के मुताबिक प्रवेश पत्र में लगी फोटो को रॉकी और अजीत की फोटो से मिक्स किया गया है।

होटल में युवती की मौत का रहस्य बरकरार, प्रेमी हिरासत में

लखनऊ। कैसरबाग के बांसमण्डी चौराहे के पास स्थित एक होटल में रहस्यमय हालत में बाथरूम में मृत मिली युवती की मौत का रहस्य बना हुआ है। शिना त न होने के कारण उसका पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका है। फिलहाल युवती के शव को पोस्टमार्टम गृह में सुरक्षित रखा गया है। उधर, हिरासत में लिये गये प्रेमी से आज दूसरे दिन भी पूछताछ जारी रही। युवती के साथ होटल में रुका युवक भी युवती का प्रेमी बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस आत्महत्या मानकर जांच-पडताल कर रही है। मालूम हो कि बांसमण्डी चौराहे के पास स्थित एक होटल में चित्रा त्रिपाठी नामक युवती बाथरूम में रहस्यमय हालत में मृत मिली थी। युवती के शरीर पर कपडे भी नहीं थे। इसके अतिरिक्त कमरे में बीयर की बोतल तथा आपत्तिजनक वस्तुए मिली थी। कैसरबाग इंस्पेक्टर अजय नरायन सिंह ने बताया कि चित्रा त्रिपाठी की अधिकृत रूप से पहचान नहीं हो सकी है। वह इन्दिरानगर इलाके में रहने वाले एक ठेकेदार की पत्नी संजना के यहां अक्सर रुकती थी। बताया जा रहा है कि चित्रा के बुलाने पर संजना भी होटल में गयी थी। पुलिस का कहना है कि संजना चित्रा के बारे में और कुछ नहीं जानती है। उधर, छानबीन में पता चला है कि डेढ वर्ष पहले चित्रा की मुलाकात तेलीबाग इलाके में रहने वाले नितिन से हुई थी। नितिन टाइल्स की दुकान पर काम करता है। मुलाकात के दौरान दोनों ने एक-दूसरे का मोबाइल न बर ले लिया था। इसके बाद दोनों के बीच फोन पर ल बी-ल बी बातचीत होने लगी थी। नितिन ने पुलिस को बताया कि वह चित्रा से विवाह करना चाहता था। इस बीच चित्रा के स बन्ध सन्तोष नामक एक अन्य युवक से हो गये थे। सन्तोष होटल में चित्रा का भाई बताकर रुका था। फिलहाल सन्तोष फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। कैसरबाग इंस्पेक्टर अजय नरायन सिंह ने बताया कि परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के मुताबिक चित्रा ने आत्महत्या की है।

अतीक अहमद का लखनऊ में कुर्क हुआ घर

लखनऊ। गुजरात के साबरमती जेल में बंद बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद की लखनऊ की आठ करोड़ की संपत्ति को कुर्क कर दिया गया। प्रयागराज पुलिस ने लखनऊ पुलिस की मौजूदगी में मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के फैली लालगंज इंद्रपुरी कॉलोनी 86 स्क्वायर फीट की संपत्ति पर कार्यवाही की है। करीब 8 करोड़ की संपत्ति अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम दर्ज है। एसएसपी प्रयागराज शैलेश पांडेय का कहना है कि अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति के खिलाफकार्रवाई की गई है। अब अतीक अहमद की लखनऊ और प्रयागराज की तीन संपत्तियां आज कुर्क हो रही हैं। लखनऊ में सीतापुर रोड पर शेरवानी नगर फजुल्लागंज में 800 मीटर में बना भवन आज कुर्क कर दिया गया। 8 करोड़ की कीमत का यह मकान अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम पर है। लखनऊ के जिलाधिकारी से अनुमति मिलने के बाद प्रयागराज से पुलिस टीम दोपहर में पहुंची। लखनऊ पुलिस के आलावा इस टीम में प्रयागराज के एसपी क्राइम, सीओ सिटी, द्वितीय व धूमनगंज एसएचओ समेत पुलिस फोर्स मौजूद रहे। लखनऊ में पुलिस व मजिस्ट्रेट की मदद से कुर्की की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा प्रयागराज में भी कसारी मसारी में 8 करोड़ की दो जमीनों की कुर्की होगी।

एलडीए में जनता अदालत आज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रशासन आज आंवटियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए जनता अदालत , प्राधिकरण दिवस का आयोजन कर रहा है। जनता अदालत गोमती नगर के विपिन खण्ड स्थित एलडीए के भूतल स्थित कमेटी हाल में लगेगी। अदालत सुबह 10 बजे से अपरान्ह दो बजे तक चलेगी। एलडीए उपाध्यक्ष डॉक्टर इन्द्रमणि त्रिपाठी व सचिव पवन कुमार गंगवार स्वंय इसमें मौजूद रहेंगे ।

अलीगंज में वाहन चेकिंग के लिए रोक कर गहने उड़ाये

लखनऊ। अलीगंज इलाके में पूर्व मेयर एससी राय के घर से चंद कदमों की दूरी पर पुलिसकर्मी बन वाहन चेकिंग के नाम पर उचक्कों ने रविंद्र प्रताप सिंह को रोक लिया। इसके बाद उन्हें जेवर पहन कर बाहर निकलने पर वारदात होने का भय दिखाते हुए उनसे गहने उतार कर पुड़िया में रखने के लिए कहा गया। बातों में उलझाकर उचक्कों ने असली गहनों की जगह पुड़िया में कंकड़ लपेट कर रविंद्र को थमा दिये। इसके बाद फरार हो गये। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रहे है। अलीगंज-पुरनिया निवासी रविंद्र प्रताप सिंह के अनुसार वह डॉक्टर के क्लीनिक से दवा लेकर लौट रहे थे, तभी रविंद्र गार्डन के करीब पहुंचने पर दो लोगों ने उन्हें रोक लिया। पुलिसकर्मी के तौर पर परिचय देते हुए गाड़ी के कागज चेक कराने के लिए कहा। रविंद्र ने कागज दिखा दिए। इसके बाद जालसाजों ने कहा कि आप चेन और अंगूठी पहन कर घूम रहे हैं।

मार्गों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं- डॉ जैकब

सड़क सुरक्षा समिति के कार्यों की समीक्षा

लखनऊ। राजधानी में आज मण्डलायुक्त डा रोशन जैकब की अध्यक्षता जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के संबंध में आयुक्त सभागार में समीक्षा बैठक की गयी। साथ ही साथ संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।डा जैकब ने कहा कि रोड़ पर जहां-जहां डिवाइडर हट व टूट गये है। उसको तत्काल सही करा लिया जायें और जेब्रा क्रासिंग साइनेज बोर्ड और बिजली के तार जहां ढीले लटक रहे है उन्हे तत्काल दुरूस्त कराया जाये। उन्होंने आगे कहा कि मार्गों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अपर नगर आयुक्त पकंज सिंह ने कहा कि हजरतगंज में जो साइनेज बोर्ड लगने है वो आज लगा दिये जायेंगे। सम्बन्धित अधिकारी ने बताया कि लखनऊ नगर निगम के समस्त जोनल अधिकारियों से प्राप्त प्रमाण-पत्र के अनुसार वर्तमान में लखनऊ नगर क्षेत्रांतर्गत कोई भी अवैध पार्किंग संचालित नहीं है। नगर क्षेत्र स्थित मुख्य मार्गों व फुटपाथ आदि को अतिक्रमण मुक्त किये जाने की काररवाई के तहत लखनऊ नगर निगम द्वारा प्रतिमाह कार्ययोजना तैयार कर विगत माह में लगभग कुल 118 स्थायी एवं 16694 अस्थायी अतिक्रमण को हटवाते हुये कुल 9,33,855 रूपये की धनराशि जुर्माने के रूप में वसूल की गयी। साथ ही हटाये गये अतिक्रमण स्थलों पर पुन: अतिक्रमण न होने पाये के दृष्टिगत शहर के नागरिकों को जागरूक करते हुए सम्बन्धित थाना प्रभारियों को भी प्रेषित किया गया है। समबन्धित अधिकारी ने बताया कि मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम व अन्य मार्गों पर अनावश्यक लगने वाले जाम के दृष्टिगत उन मार्गों व चौराहों का सर्वे किये जाने हेतु नगर निगम द्वारा परिवहन विभाग व यातायात पुलिस को संयुक्त तौर पर पत्र प्रेषित कर कार्यवाही की जा रही है। ब्लाक स्पॉट दयाल पैराडाइज चौराहा पर दुर्घटना बाहुल्य साइनेज बोर्ड लगाये गये है। रम्बल स्ट्रीप एवं जेब्रा पेन्टिंग का कार्य कराया गया है। इस अवसर पर एलडीए उपाध्यक्ष्य इन्द्रमणि त्रिपाठी अपर जिलाधिकारी प्रशासन विपिन कुमार मिश्रा अपर नगर आयुक्त पकंज सिंह सम्भागीय परिवहन अधिकारी रामफेर द्विवेदी ट्रैफिक पुलिस लोक निर्माण विभाग एवं सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पावरग्रिड गोमती यमुना ट्रांसमिशन लिमिटेड

(पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की शतप्रतिशत पूर्णतः स्वाधिकृत सहायक कंपनी)
पंजीकृत कार्यालय-बी 9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवरिया सराय, नई दिल्ली – 110016

उत्तर प्रदेश के भीतर इंट्रास्टेट ट्रांसमिशन लाइन के लिए पावरग्रिड गोमती यमुना ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा लाइसेंस आवेदन के विषय में

नोटिस
(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उपधारा (2) के अंतर्गत)

1. पावरग्रिड गोमती यमुना ट्रांसमिशन लिमिटेड (पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की शत-प्रतिशत पूर्णतः स्वाधिकृत सहायक कंपनी) जिसका अपना पंजीकृत कार्यालय बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवरिया सराय, नई दिल्ली – 110016 में है, जिसे कंपनी अधिनियम 1956, के अंतर्गत निगमित किया गया है, ने ट्रांसमिशन लाइनों, सबस्टेशनों और अन्य परिसंपत्तियों के संबंध में ट्रांसमिशन लाइसेंस देने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप-धारा (1) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश नियामक आयोग लखनऊ के समक्ष एक आवेदन किया है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

क्रम सं	तत्वों का नाम	समापन लक्ष्य
क)	**400/220/132 के०वी०. जी.आई.एस. उपकेंद्र मोहनलालगंज (लखनऊ) और संबंधित 400 के० वी० लाइनो का निर्माण :**	
1.	2X500 + 2X200 एम.वी.ए., 400/220/132 के०वी०.जी.आई. एस. उपकेंद्र, मोहनलालगंज (125 एम.वी.ए.आर. बस रिएक्टर सहित) : (i) 400 के०वी०,500 एम.वी.ए. ट्रांसफार्मर बे: 2 नग (ii) 220 के०वी०, 500 एम.वी.ए. ट्रांसफार्मर बे : 2 नग (iii) 220 के०वी०, 200 एम.वी.ए. ट्रांसफार्मर बे : 2 नग (iv) 132 के०वी०, 200 एम.वी.ए. ट्रांसफार्मर बे : 2 नग (v) 400 के०वी०,125 एम.वी.ए.आर. बस रिएक्टर बे : 1 नग (vi) 400 के०वी० फीडर बे : 4 नग (vii)220 के०वी० फीडर बे : 6 नग (viii)132 के०वी० फीडर बे : 2 नग उपकेंद्र के **भविष्य में** विस्तारण हेतु **अतिरिक्त बे** : (i) 400 के०वी० फीडर बे : 2 नग (ii) 220 के०वी० फीडर बे : 4 नग (iii) 132 के०वी० फीडर बे : 4 नग	30.05.2022 (प्रभावी तिथि) से 18 महीने
2.	सरोजनी नगर (400 के०वी०) – उन्नाव (765 के०वी०) 400 के०वी० सिंगल सर्किट लाइन का 400 के०वी० जी.आई.एस. उपकेंद्र मोहनलालगंज पर लीलो (ट्विन मुज कंडक्टर पर)	
3.	लखनऊ (पी.जी.सी.आई.एल.) 400 के० वी० – सुल्तानपुर (400 के०वी०) सिंगल सर्किट लाइन का 400 के०वी० जी.आई.एस. उपकेंद्र मोहनलालगंज पर लीलो (ट्विन मुज कंडक्टर पर)	
ख)	**लीलो लाइन का निर्माण :**	
1.	765 के०वी० घाटमपुर-हापुड़ (डब्लू.यू.पी.पी.टी.सी.एल.) लाइन का 765 के०वी० जीआईएस उपकेंद्र रामपुर पर लीलो	30.05.2022 (प्रभावी तिथि) से 15 महीने
2.	400 के०वी० बरेली (पी.जी.सी.आई.एल.) – मुरादाबाद लाइन डबल सर्किट के एक सर्किट का 765 के0वी0 जी.आई.एस. उपकेन्द्र रामपुर पर लीलो	30.05.2022 (प्रभावी तिथि) से 09 महीने
ग)	**मोनोपोल पर लीलो लाइन का निर्माण :**	
1.	मोनोपोल अथवा अन्य कोई उचित लैटिस स्ट्रक्चर के माध्यम से 400 के०वी० अटौर (डब्लू.यू.पी.पी.टी.सी.एल.) – इंदिरापुरम (डब्लू.यू.पी.पी.टी.सी.एल.) डबल सर्किट लाइन के एक सर्किट का 400 के०वी० जी.आई.एस. उपकेंद्र सेक्टर-123, नोएडा पर लीलो	30.05.2022 (प्रभावी तिथि) से 09 महीने

2. आयोग के समक्ष दाखिल पूर्ण आवेदन और अन्य दस्तावेज किसी भी व्यक्ति द्वारा पहुँच के लिए वेबसाइट (www.powergrid.in) पर उपलब्ध हैं। आवेदन का, आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार, परियोजना प्रभारी के कार्यालय पावरग्रिड गोमती यमुना ट्रांसमिशन लिमिटेड केयर ऑफ़ पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, प्लाट नंबर – 2A/INS02, अवध विहार योजना, अमर शहीद पथ दिप्तीगंज, हरिहरपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226002 या आयोग के कार्यालय/पुस्तकालय में भी निरीक्षण किया जा सकता है।
3. आपत्ति या सुझाव, यदि कोई है, समाचार पत्र में नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर आवेदक या उसके अधिकृत एजेंट को आपत्ति(यां)/ सुझाव(वों) की प्रति के साथ सचिव, उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010 के समक्ष दाखिल किया जाना चाहिए।
4. यदि आयोग द्वारा किसी अनुवर्ती परिवर्तन की अनुमति दी जाती है, जिसके परिणामस्वरूप लाइसेन्स के अनुमोदन में संशोधन होता है तो याचिकाकर्ता (पावरग्रिड गोमती यमुना ट्रांसमिशन लिमिटेड) द्वारा जनता की टिप्पणियों/ सुझावों को स्वीकार करने के लिए ऐसे बदलावों को या नए सिरे से पूर्ण नोटिस को प्रकाशित किया जाएगा। इस तरह की संभाव्य घटना में, धारा 15 की सभी आवश्यकताओं और यूपीईआरसी (ट्रांसमिशन लाइसेंस विनियम की सामान्य शर्तें) 2005 की प्रासंगिक धाराओं का याचिकाकर्ता द्वारा पालन किया जाएगा।

स्थान : लखनऊ, उ.प्र. — पावरग्रिड गोमती यमुना ट्रांसमिशन लिमिटेड हेतु,
दिनांक : 15.09.2022 — प्राधिकृत हस्ताक्षरी

शहर के 140 होटल लविप्रा के रडार पर

- वर्ष 2018 से 2022 के मध्य बनाये गये होटल सूची में शामिल
- विहित प्राधिकारी न्यायालय में जल्द सुनवायी कर निर्णय लिए जाने का आदेश

लखनऊ । लखनऊ विकास प्राधिकरण के सभी जोनों में उन होटलों की सूची बना ली गई है, जो अवैध है ।140 होटलों की सूची में उन होटलों को शामिल किया गया है , जो या तो स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बने है या मानचित्र स्वीकृत ही नही कराया है ।इसके अतिरिक्त उन होटलों का भी नाम है जो आवासीय में व्यवसायिक प्रयोग कर रहे है ।ऐसे सभी होटलों पर लविप्रा प्रशासन द्वारा सुनवायी कर काररवाई की जायेगी। लविप्रा प्रशासन चाहता है की कार्यवायी के दौरान एक भी आपत्ति न लगे। इसके लिए व होटल प्रशासन को पूरा मौका देना चाहता है ।जिससे व लविप्रा के न्यायलय में अपना पक्ष रख सकें । ऐसे 140 होटल है ,जिनकों अवैध निर्माण की सूची में शामिल किया गया है। यह सूची वर्ष 2018 से 2022 के बीच की है। इस दौरान आवासीय में कामर्शियल उपयोग, नक्शे के विपरीत निर्माण करने व बेसमेंट में मानक से अधिक निर्माण जैसे मामले विहित प्राधिकारी के यहां लंबित हैं। इन मामलों की सूची बनाकर इनकी सुनवाई जल्द पूरी करने के निर्देश लविप्रा उपाध्यक्ष ने दिए हैं। जानकार बताते है की लविप्रा प्रशासन दीपावली से पहले अधिकांश पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। इसलिए जोनल अफसरों ने अन्य मामलों से ज्यादा होटलों पर फोकस अधिक शरु कर दिया है। सभी जोनल व विहित प्राधिकारियों को निर्देश दिये गये है की जल्द से जल्द ऐसे प्रकरणों की इनकी सुनवाई कर कार्यवायी करें। जिसके चलते समस्त विहित प्राधिकारी सप्ताह में दो से तीन बार कोर्ट लगाकर सुनवायी कर रहे हैं। जो तिथियां तीस दिन में एक बार लगी थी, वह अब जल्दी.जल्दी लगाई जा रही हैं। लविप्रा सचिव पवन कुम